हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

11 करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव ...



12 मांगों को लेकर करीबन दो सप्ताह से धरनारत...









## सीजेआई सूर्यकांत के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर, शहर किया चकाचक

**सीबीएलयू के दीक्षांत समारोह में बांटेंगे डिग्रियां**

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल को भिवानी आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। उनके दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर बुनियादी ढांचे तक हर स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है, वहीं प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।मुख्य न्यायाधीश अपने दौरे के दौरान चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। इसके साथ ही वे भिवानी न्यायिक परिसर में लोहारू के न्यायिक परिसर के विस्तार की आधारशिला रखेंगे। वहीं, सिवानी के नए न्यायिक परिसर और तोशाम में न्यायिक अधिकारियों के आवास निर्माण कार्य की आधारशिला वर्चुअल माध्यम से रखी जाएगी।इस महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया और उपायुक्त साहिल गुप्ता ने संयुक्त रूप से न्यायिक परिसर और विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। हवाई पट्टी से लेकर विश्वविद्यालय और न्यायिक परिसर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हर चौराहे, कट और संवेदनशील स्थान पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है और वाहन चालकों को नियमों का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी लगातार फील्ड में जाकर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की जांच कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।दौरे के मद्देनजर शहर की सड़कों को भी तेजी से दुरुस्त किया जा रहा है। विशेष रूप से उन मार्गों पर काम तेज किया गया है, जहां से मुख्य न्यायाधीश का काफिला गुजर सकता है। गड्ढों को भरने के लिए तारकोल और रोड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि सड़कें पूरी तरह समतल हो सकें। इसके अलावा सड़कों पर जमा धूल और मिट्टी को हटाने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है और धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।उपायुक्त साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी, विश्वविद्यालय और न्यायिक परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और सभी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने को कहा गया।मुख्य न्यायाधीश के इस दौरे को लेकर भिवानी प्रशासन किसी भी प्रकार की चूक नहीं चाहता, यही कारण है कि पूरा शहर इस समय हाई अलर्ट पर है और हर विभाग अपने स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

> सड़कों के साथ जमी धूल व मिट्टी को उठाया जा रहा तथा धूल के गुब्बार को दबाने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया

इस दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमबीर कादयान, डीएसपी अनूप कुमार व महेश कुमार आदि मौजूद रहे।



भिवानी। कुश्ती पहलवानों को मेट सौंपते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

# सांसद ने कुश्ती खिलाड़ियों को तीन लाख के सौंपे मेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़डा

■ खिलाड़ी देश की शान: सांसद धर्मबीर सिंह

उपमंडल के कुश्ती खिलाड़ियों को खेल मैदान के रूप में आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने तीन लाख रुपये के कुश्ती मेट सौंपे, जिनको खेल परिसर में प्रयोग किया जाएगा। कस्बे के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में सरपंच राजेश श्योराण की अध्यक्षता में कुश्ती पहलवानों को तीन लाख रुपये के संसदीय कोष से मेट भेंट करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश की शान हैं और सरकार ग्रामीण खिलाड़ियों को शहरी तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।

खिलाड़ी वर्ग नशे से दूर रहते हुए अन्य लोगों को भी जागरुकत रखें। प्रधानमंत्री के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव से देशभर के लाखों खिलाड़ियों को उचित मंच मुहैया करवाया गया है। आज भिवानी दादरी के खिलाड़ी अपनी कड़ी मेहनत कबड्डी, कुश्ती, मुक्केबाजी में विश्वभर में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। दादरी जिले में बड़ा खेल स्टेडियम व पिचौप व चांदवास आदि दो दर्जन गांवों में पुराने खेल स्टेडियमों का नवीनीकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। बाढ़ड़ा गांव के उभरते पहलवानों ने पिछले दिनों उनके समक्ष मेट की समस्या रखी थी, जिस पर उन्होंने सांसद कोष से तुरंत बजट स्वीकृत कर आज उन्हें दंगल के लिए आधुनिक गुणवतायुक्त मेट सौंप दिए हैं।

इस मौके पर उमेद पातुवास, मंदीप डालावास, चेयरमैन प्रतिनिधि आनन्द फौजी, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, मंडल अध्यक्ष व सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष शमशेर पंचगांव, सरपंच प्रतिनिधि राजेश बाढ़ड़ा, रामकिशन फौजी, पूर्व सरपंच सीताराम शर्मा, नवीन श्योराण, बजरंग सिंटी आदि मौजूद रहे।



भिवानी। सीटीओ को लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान करते कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. जितेंद्र और डॉ. अशोक को प्रदान किया लेफ्टिनेंट रैंक

**भिवानी।** 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन के रैंक प्रदान समारोह में बीआरसीएम शिक्षण समिति के तीन सीटीओ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बीआरसीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ. जितेंद्र गौड़ और जीडीसी मेमोरियल कॉलेज के डॉ. अशोक कुमार को लेफ्टिनेंट, जबकि ज्ञानकुंज स्कूल के जोगिंदर सिंह को सेकंड ऑफिसर रैंक मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल रितेश रंजन ने की और मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर एचएस बरन रहे। उन्होंने एनसीसी में एएनओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। निदेशक डॉ. एसके सिन्हा और प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तोशाम अनाज मंडी व पटौदी खरीद केंद्र पर एसडीएम ने जांची व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने शुक्रवार स्थानीय अनाज मण्डी में व्यवस्थाओं की जांच की। एसडीएम ने उठान संबंधी तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आढ़तियों से बातचीत करके अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने किसानों और आढ़तियों के साथ बातचीत करके सम्बंधित अधिकारियों को उठान कार्य में समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसलो की बिक्री के दौरान किसानों और आढ़तियों कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाए। उन्होंने मंडी में पानी, बिजली, सफाई , सीवरेज सहित तमाम व्यवस्थाओं की जांच भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंकों से तालमेल करके किसानों की फसलों की अदायगी संबंधी पुख्ता इंतजाम होने चाहिएं। उन्होंने आढ़तियों से कहा कि किसानों की फसलों की मंडी में फसलों की खरीद और अदायगी सुचारू रूप से चलनी चाहिएं।

> आढ़तियों से बातचीत करके अधिकारियों को निर्देश दिए

> खरीद कार्य के साथ-साथ उठान में भी तेजी लाने के दिए निर्देश

एसडीएम ने कहा कि खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चले। कृषि विपणन बोर्ड की सेक्रेटरी सुदेश श्योरान ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर तक तोशाम मंडी में और पटोदी खरीद केंद्र पर 174834.16 किवंटल गेहूं आया है,जबकि 149790 क्विंटल गेहूं की सरकार द्वारा खरीद की गई है और 89866 किवंटल गेहूं का उठाया गया है। वहीं 36665.5 क्विंटल सरसों आई है,जबकि 27235 क्विंटल सरसों की सरकार द्वारा खरीद की गई है और 9251 क्विंटल सरसों का उठान किया गया है।

# राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 25 और 26 को

**भिवानी।** जिले के उभरते हुए नेटबॉल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच तैयार हो गया है। नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट के अध्यक्ष पवन कौशिक ने बताया कि 19वीं सब-जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के व लड़कियां) में भिवानी की टीमें अपनी चमक बिखेरेंगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के चयन के लिए 25 व 26 अप्रैल को ओपन ट्रायल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कौशिक ने बताया कि भिवानी की सब-जूनियर टीमों (लड़के व लड़कियां) के चयन के लिए ट्रायल प्रक्रिया गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल परिसर में आयोजित की जाएगी। दोनों दिन शाम चार बजे से ट्रायल शुरू होंगे, जिसमें जिलेभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इस ट्रायल के माध्यम से चुनी गई टीमें 19 व 20 जून को हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई (सोनीपत) में होने वाली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (2026-27) की रजिस्ट्रेशन नंबर स्लिप, पहचान पत्र की मूल प्रति और फोटो कॉपी तथा हाल ही में खिंचवाई पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य रहेगा। कौशिक ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से ऐसी खेल प्रतिभाओं को तराशना है, जो भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर सकें।

> ■ भिवानी के नेटबॉल खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका

# मजदूरी करके घर लौट रहे व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

> पिकअप ने साइकिल को मारी टक्कर

**लोहारू।** बीती देर रात लोहारू-सतनाली सड़क मार्ग पर पिकअप की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक लोहारू अनाजमंडी में मजदूरी करने के बाद अपने भाई के साथ अलग अलग साइकिल पर सवार होकर लोहारू से सोहांसरा जा रहे थे। इस दौरान फरटिया ताल गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में युवक संतोष की मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में सोहांसरा निवासी सज्जन कुमार ने बताया कि वह अपने भाई संतोष के साथ बीती देर सांय अलग अलग साइकिल पर सवार होकर सोहांसरा जा रहा था। दोनों भाई लोहारू अनाज मंडी में मजदूरी का करके घर लौट रहे थे। इस दौरान फरटिया ताल में शिव स्कूल के पास सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने संतोष की साइकिल को सामने से ठोक दिया और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से संतोष को गंभीर अवस्था में लोहारू के उप नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने संतोष को मृतक घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## आधारशिला समारोह की सभी तैयारियां की पूरी : एसडीएम

**भिवानी।** एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के 25 अप्रैल शुक्रवार को भिवानी आगमन को लेकर तोशाम में न्यायिक परिसर के जजों के लिए मकानों का डिजिटल तरीके से शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्चुअल होने वाले शिलान्यास समारोह की सभी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं। एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भिवानी में आगमन पर तोशाम न्यायिक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा ने कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके पर किया प्रहार

# भाजपा ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

> ■ कार्यक्रम का नेतृत्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा ने शुक्रवार को विपक्ष के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू ने किया।

गांव की गलियों में निकाले गए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और बैनर-पोस्टर के साथ विपक्ष की कथित महिला विरोधी सोच के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम जैसे दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये पार्टियां नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रास्ते में बाधाएं खड़ी कर रही हैं। उनका कहना था कि देश अब बेटियों के अपमान को सहन नहीं करेगा और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है, जबकि विपक्ष केवल राजनीति करने में लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की संकीर्ण मानसिकता महिलाओं के उत्थान में रुकावट बन रही है।महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी और विपक्ष की नीतियों का विरोध जारी रखेंगी। कार्यक्रम में अनिता बामला, बबीता, कृष्णा, गुड्डी, कमलेश, विमला, पुष्पा, रेखा सहित अनेक महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।




# सम्मान समारोह में आईएएस बेटी स्वाति अग्रवाल को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद हवलदार भागीरथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि गांव हेतमपुरा की आईएएस बेटी स्वाति अग्रवाल रही। इन्होंने 2025 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 91वा रैंक हासिल करके गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय में पहुंचने पर आईएएस बेटी स्वाति अग्रवाल व उनके पिता सुशील अग्रवाल व माता श्वेता अग्रवाल का प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया विद्यालय प्राचार्य पवन कुमार यादव व महेंद्र सिंह गिल बीईओ कैरू ने आईएएस स्वाति अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंट करके उनका सम्मान किया । इस अवसर पर आईएएस बेटी ने स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया और अपने अनुभव उनके साथ साझा किए बच्चों ने भी अपने करियर से संबंधित प्रश्न पूछे इस अवसर पर गांव हेतमपुरा के सरपंच कैलाश स्वामी व स्टाफ सदस्य नवीन गजराज प्रवक्ता, अनीता यादव प्रवक्ता, सविता प्रवक्ता, समिता लाम्बा प्रवक्ता,कृष्ण कुमार प्रवक्ता, मुकेश कुमार प्रवक्ता आदि मौजूद रहे।



> ■ आईएएस बेटी ने स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया और अपने अनुभव उनके साथ साझा किए



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।



## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति द्वारा व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए।

### फूलसिंह सांगवान को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं पत्रकार प्रवीण के पिता फूलसिंह सांगवान के निधन पर लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया। इस दौरान मोर्चा ने उन्हें याद कर समाज एवं किसानी के प्रति उनके योगदान को नमन किया। इस मौके पर शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा के सुपुत्र एवं मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर खरेटा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि फूलसिंह सांगवान का निधन केवल सांगवान परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे किसान समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वे सच्चे सामाजिक व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी एवं संघर्ष के साथ बिताया। उन्होंने अपने पुत्रों को उच्च संस्कारों के साथ समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाया, वह हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### इनेलो में सबको मिलता मान-सम्मान : रामेश्वर

**तोशाम।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी आमजन की पार्टी है जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से मान सम्मान मिलता है। उक्त शब्द गांव खरक कला में इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। इस दौरान गांव के अनेक लोगों ने इंडियन नेशनल लोकदल में आस्था जताई और अन्य पार्टियों को छोड़कर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान का कहना था कि इनेलो ने हमेशा ही प्रत्येक कार्यकर्ता तथा आमजन को भरपूर मान-सम्मान दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रचार-प्रसार

**भिवानी।** शुक्रवार को गांव सागवान तथा तोशाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने सहित जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी के आगामी कार्यक्रम मन की बात को सुनने व सरल पर अपलोड करने व पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए गावों का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'गाँव-गाँव जाकर' लोगों से जुड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करना है।

---

संत निरंकारी मिशन ने रक्तदान शिविर का करवाया आयोजन

# करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव-मानव एकता दिवस

**रक्तदान की पावन परंपरा पिछले चार दशकों से जारी: जोगिन्दर सुखीजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ "मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा" का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ।

'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया; जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा।

युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे; जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। मानव एकता दिवस के अवसर पर ब्रांच भिवानी के रेलवे रोड स्थित प्रेक्षा विहार के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें..... चौधरी बंशी लाल सिविल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई, जिनसे 102 रक्त युनिट संकलित की गई। 148 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी।




**भिवानी।** आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते व आयोजित शिविर में उपस्थित रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

**नशामुक्त जीवन के लिए किया प्रेरित**

युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह ने "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं" का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही है। रक्तदान शिविर के पश्चात भव्य सत्संग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प पटियाला से पधारे ज्ञान-प्रचारक महात्मा आदरणीय श्री प्रेम सागर जी ने की।इस कार्यक्रम में उन्होंने ने बाबा गुरबचन सिंह जी महाराज द्वारा दी गयी समाज को देन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए ब्रह्म ज्ञान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने उपस्थित मानव समाज एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार प्रकट किया।

---

उपायुक्त ने अभिभावकों से की अपील

## गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाएं

■ सरकार नि:शुल्क उपलब्ध करवा रही

**चरखीदादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिला के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और इसका उद्देश्य बेटियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा स्कूल स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि किशोरियों और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में सही जानकारी दी जाए। यह टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है। यह वैक्सीन एचपीवी के टाइप-16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं, साथ ही टाइप-6 और 11 से भी बचाव करती है।

केवल 102 शिकायतें लंबित

## दादरी जिला लगातार दूसरे स्थान पर, 97 प्रतिशत शिकायतें निपटाई

■ मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारी ने की सराहना

**चरखी दादरी।** दादरी जिला समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निपटारे के मामले में पिछले तीन सप्ताह से लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

समाधान शिविर की शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा करते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरूण गुप्ता ने इसके लिए जिला की सराहना की है। उपायुक्त डा. मुनीश नागपाल ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी विभागों को दिया है। जिला में समाधान शिविर लोगों की शिकायतों पर कार्यवाही का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उपायुक्त के निर्देशन में सभी विभागों ने शिकायतों के समाधान को लेकर बेहतरीन काम किया जा रहा है और इसी का नतीजा है कि लगभग 6 माह पहले जो दादरी जिला 15वें स्थान पर था, अब तीन सप्ताह से दूसरे स्थान पर ही है। जिले में अभी तक कुल 3993 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें 3157 का समाधान कर दिया गया है। केवल 102 शिकायतें लंबित हैं ।

---

# सीवरेज की समस्या से दुकानदार परेशान, नहीं हो रहा समाधान

■ लोग बोले-ऐसे विकास की कल्पना नहीं की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर के मुख्य बाजार में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मैनहोल ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।

बदबू और गंदगी के कारण व्यापार ठप पड़ा है और लोगों में बीमारियों का डर बना हुआ है। बाजार के दुकानदारों में श्यामसुंदर खुराना, हरिराम, सुरेश, सुनील, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, रिंकू, मुकेश, सतबीर आदि ने बताया कि पिछले कई हफ्तों से सीवर का गंदा पानी दुकानों के आगे भरा रहता है। तेज बदबू के कारण ग्राहक दुकानों पर आना बंद कर चुके हैं। मजबूरी में दुकानदार देर से दुकान खोलते हैं और शाम होते ही शटर गिरा देते हैं। पूरे दिन मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। विभाग की लापरवाही उजागर लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अक्सर मौके पर आते जरूर हैं, लेकिन मैनहोल का ढक्कन उठाकर देखते हैं और बिना सफाई किए लौट जाते हैं। आसपास कीचड़ बिखरा पड़ा है।



लोगों ने बताया कि जब अंतिम छोर को नहीं खोला जाएगा ये व्यवस्था नहीं खुलेगी। लेकिन अकेला कर्मचारी भी स्वयं को इतना बड़ा कार्य होने के कारण असहज महसूस कर रहा था। जमा गंदे पानी से इलाके में मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों को डेंगू, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों का डर सता रहा है। बुजुर्ग और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

---

# बंगाल की जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी: विनोद चावला

■ पश्चिम बंगाल विस चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी के खेमे में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण के मतदान के बाद भारतीय जनता पार्टी के खेमे में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस चुनाव में भिवानी से प्रचार की जिम्मेवारी संभाल रहे भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला और सोशल मीडिया सह-प्रमुख सुनील डावर ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता विप्लव देव के साथ दौरा किया। इस दौरान विनोद चावला व सोशल मीडिया सह-प्रमुख सुनील डावर ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल की जनता अब परिवर्तन का मन बना चुकी है और भाजपा भारी बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। विनोद चावला ने कहा कि पहले चरण के मतदान के दौरान जिस तरह से मतदाताओं में उत्साह देखा गया, वह इस बात का प्रतीक है कि जनता अब तृणमूल कांग्रेस के कथित कुशासन और डर की राजनीति से मुक्त होना चाहती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने इस बार डर को दरकिनार कर विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान किया है। पहले चरण की सीटों पर भाजपा की बढ़त साफ नजर आ रही है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की अस्मिता और संस्कृति को बचाने का चुनाव है।



**भिवानी।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता विप्लव देव के साथ भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला और सोशल मीडिया सह-प्रमुख सुनील डावर। फाइल फोटो।

**कोने-कोने तक पहुंच रही योजनाएं**

चावला व डावर ने बताया कि विप्लव देव के संगठनात्मक अनुभव और त्रिपुरा में वामपंथ के किले को ढहाने की उनकी रणनीति से बंगाल के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिली है। चावला ने रेखांकित किया कि भाजपा की डिजिटल टीम और जमीनी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। विपक्ष के भ्रामक प्रचार को विफल करने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बंगाल के कोने-कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में पहले चरण का रुझान यह संकेत दे रहा है कि 4 मई को जब परिणाम आएंगे, तो वह बंगाल के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा और वामपंथी व टीएमसी के गढ़ में कमल का फूल शान से खिलेगा।

---

जागरूकता शिविर में बोले अधिकारी

## मछली पालन के लिए सरकार दे रही 40 से 60 प्रतिशत अनुदान

**भिवानी।** जिला मत्स्य अधिकारी सुरेंद्र ठकराल ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। जिले के उन गांव के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है जिन गांवों में बरसात के पानी का ठहराव होता है, बंजर भूमि हो या खारा पानी हो। मछली पालन से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। झींगा मछली पालन से किसान की 5 से 6 लाख रुपए प्रति एकड़ तक आमदनी हो सकती है। जिला मत्स्य अधिकारी गांव झुपा खुर्द में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित किसान जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति या महिला वर्ग मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग व ओबीसी वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली पालन, मछली फीड हेचरी, तालाब के निर्माण, बायोफेलक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोरेज आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

---

# विधायक सांगवान ने किया 3.31 करोड़ रुपये की आरसीसी सड़क का शुभारंभ

■ शहर के यातायात तंत्र को मजबूती मिलेगी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान ने दादरी शहर के समग्र विकास को गति देते हुए चरखी दरवाजा से महेंद्रगढ़ रोड तक सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। लगभग 3.31 करोड़ की लागत से बनने वाली यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है, जिसे अब साकार किया जा रहा है।

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि यह सड़क पूरी तरह आरसीसी तकनीक से बनाई जाएगी, जिससे इसकी मजबूती और दीर्घकालिक उपयोग सुनिश्चित होगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को अगले 6 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के बाद शहर के यातायात तंत्र को मजबूती मिलेगी और आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन बक्शी राम सैनी, वाइस चेयरमैन संदीप फोगाट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रीतू गोयल, मनोनीत पार्षद विक्रम श्योराण, पार्षद नितिन बंसल, विनोद वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ करते विधायक सुनील सांगवान।

---

बढ़ती तपिश में बेजुबानों का रखें ख्याल

## पशुओं के दुग्ध उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी आई

■ बुखार, डिहाइड्रेशन और दस्त की समस्या बढ़ रही

**भिवानी।** क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर ना केवल इंसानों पर बल्कि पशुओं पर भी प्रतिकूल रूप से पड़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन में गिरावट देखी जा रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पशुपालन विभाग और विशेषज्ञों ने पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पशु चिकित्सक विजय सनसनवाल के अनुसार गर्मी के थपेड़ों (लू) के कारण पशुओं में इलेक्ट्रोलाइट्स और पानी की भारी कमी हो रही है। इस कारण पशुओं में बुखार, डिहाइड्रेशन और दस्त जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि गर्मी के तनाव के कारण पशुओं के दुग्ध उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। पशुओं को लू और बीमारी से बचाने के लिए विभाग ने मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। डा. सनसनवाल ने कहा कि पशुओं को बंद कमरों के बजाय हवादार बाड़े में रखें।

---

समयबद्ध तरीके से हो सर्वे कार्य

## राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे कार्य में टीमों का सहयोग करें नागरिक : उपायुक्त

■ बौद्धिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**चरखी दादरी।** ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का कार्य 16 जून तक चलेगा। इस कार्य के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के सहयोग से सर्वे टीमें गठित की जा रही हैं।

यह टीमें गांवों व शहरों में पांडुलिपियों की पहचान करते हुए उनका डिजिटल तरीके से संरक्षण करेंगी। ऐसे में जिलावासी सर्वे कार्य में लगी टीमों का सहयोग करें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने स्पष्ट किया कि सर्वे के दौरान पहचानी गई पांडुलिपियों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात संबंधित धारकों को वापस सौंप दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला में उपलब्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों की पहचान, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण का कार्य व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। यह पहल देश की समृद्ध सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

हीमोफिलिया को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना अत्यंत आवश्यक: सीएमओ डॉ. शांडिल्य

# हीमोफिलिया के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने स्क्रीनिंग एवं जागरूकता की ओर बढ़ाए कदम

**चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व हीमोफिलिया दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता पखवाड़े के तहत स्थानीय चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया।

नोडल ऑफिसर डॉ. रोहित मेहला ने बताया कि कार्यक्रम में न केवल बच्चों की स्वास्थ्य जांच की, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को फिजियोथैरेपी के महत्व से भी अवगत करवाया। इस वर्ष के कार्यक्रम की मुख्य थीम निदान देखभाल की ओर पहला कदम रखी गई है, जिसका उद्देश्य बीमारी की समय पर पहचान कर उपचार को सुलभ बनाना है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि समाज में हीमोफिलिया को लेकर कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जिन्हें दूर करना अत्यंत आवश्यक है। शिविर में आए बच्चों की गहन स्क्रीनिंग की और विशेषज्ञों ने समझाया कि कैसे छोटी सी सावधानी एवं सही व्यायाम (फिजियोथैरेपी) के माध्यम से बीमारी के साथ सामान्य जीवन जिया जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने इस बीमारी की गंभीरता और प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हीमोफिलिया आनुवंशिक (जेनेटिक) रक्त विकार है, जिसमें शरीर में रक्त का थक्का जमने की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिसकारण चोट लगने पर रक्त का बहाव सामान्य से अधिक होता है। डॉ. शांडिल्य ने बताया कि जागरूकता पखवाड़ा 30 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है, ताकि अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचे।



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में विश्व हीमोफिलिया दिवस पर कार्यक्रम में अतिथियों के साथ बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लेघां हेतवान में दिनांक 28.04.2026 को सुबह 11:00 बजे सार्वजनिक स्थान मेन चौपाल में राजकीय पशु अस्पताल निर्माण कार्य में बाधक 5 वृक्षों की नीलामी की जाएगी। बोलीदाता को जमानत राशि रु. 10,000/- जमा करवानी होगी। बोली से सम्बन्धित अन्य शर्तें मोके पर सुना दी जाएगी।

हस्ता/- सरपंच, रीना, ग्राम पंचायत लेघां हेतवान, खण्ड कैरू, जिला भिवानी, मो. 9812435479

### शहादत और सरकार की बेरुखी से आग बबूला हुए दमकल कर्मी

# मांगों को लेकर धरनारत दमकल कर्मियों ने मंत्री और विधायक को सौंपा ज्ञापन

रक्षकों के ही परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकें, तो यह पूरे तंत्र की है विफलता : सुमेर आर्य

- प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर दमकल केंद्रों पर 27 से होगी क्रमिक भूख हड़ताल : अजय श्योराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में दूसरों की जान और संपत्ति बचाने वाले दमकल कर्मी आज खुद व्यवस्था की आग में झुलस रहे हैं। फरीदाबाद अग्निकांड में अपने दो साथियों भवी चंद शर्मा और रणवीर सिंह को खोने के बाद सरकार द्वारा अपनाए जा रहे दोहरे मापदंड ने प्रदेश भर के फायर फाइटरों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। शुक्रवार को फायर कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने भिवानी सहित पूरे प्रदेश में मंत्रियों और विधायकों को ज्ञापन सौंपकर अपनी हुंकार भरी। इस दौरान कर्मचारियों ने भिवानी में केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी एवं विधायक घनश्याम सर्राफ को अपनी मांगों का मांगपत्र सौंपा।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में वक्ताओं ने सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता फायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अजय श्योराण ने की तथा मंच संचालन राजेश कुमार ने किया। प्रदर्शन को सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, जिला सचिव धर्मबीर भाटी, जिला वरिष्ठ उप प्रधान सूरजभान जटासरा, खंड प्रधान अशोक कुमार गोयत, रोडवेज के राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, डिपो सचिव अनिल नागर, शिक्षा बोर्ड से अशोक कुमार पिलानिया, देवेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र पिलानिया, पब्लिक हल्थ से प्रवीण कुमार, सीआईटीयू से जिला सचिव अनिल कुमार, जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घणघस, सचिव अनुराधा, नगरपालिका के राज्य उपप्रधान पुरुषोत्तम दानव ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि रक्षकों के ही परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकें, तो यह पूरे तंत्र की विफलता है। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि दमकल कर्मचारियों के समर्थनन में एक मई से प्रदेश के 40 हजार सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार या तो मांगें माने या हमें भी नौकरी से निकाल दे।

इस मौके पर फायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अजय श्योराण ने मंच से ललकारते हुए कहा कि सरकार की 30 लाख रुपये की खैरात उन्हें मंजूर नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 22 से 25 अप्रैल तक प्रदेश के सभी 90 जन-प्रतिनिधियों को जगाने का काम किया जा रहा है और यदि 27 अप्रैल के विधानसभा सत्र तक समाधान नहीं हुआ, तो जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही उन्होंने 27 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर दमकल केंद्रों पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू होगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि दिवंगत भवी चंद शर्मा व रणवीर सिंह को आधिकारिक तौर पर शहीद घोषित किया जाए, पुलिसकर्मियों की तर्ज पर परिजनों को एक करोड़ की सहायता और सरकारी नौकरी दी जाए, वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए, हरियाणा पुलिस की तर्ज पर 5 हजार रूपये मासिक जोखिम भत्ता लागू हो।

#### शहीद का दर्जा मिलने तक जंग जारी रहेगी

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह कितनी शर्मनाक बात है कि एक ही मोर्चे पर, एक ही आग में झुलसकर सिपाही शहीद होता है तो उसे एक करोड़ की सम्मान राशि और शहीद का दर्जा मिलता है, लेकिन उसी आग में खाक होने वाले दमकल कर्मी के परिवार को ठेंगा दिखा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे साथियों को शहीद का दर्जा नहीं मिलता, यह जंग जारी रहेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि यह लड़ाई अब केवल फायर कर्मियों की नहीं, बल्कि पूरे कर्मचारी वर्ग की है।

### 23 एकड़ कृषि भूमि के अधिग्रहण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**भिवानी।** मानेहरू व गौरीपुर गांव के किसानों ने मानहेरू रेलवे स्टेशन के पास रेलवे विभाग द्वारा 23 एकड़ कृषि भूमि का अधिग्रहण के विरोध में प्रदर्शन किया तथा रेलवे विभाग को आगाह किया कि जब तक पीड़ित/प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का न्यायोचित मुआवजा नहीं देंगे तो किसान अपनी जमीन पर विभाग को कब्जा नहीं देंगें। दोनों गांव के किसान मानहेरू रेलवे स्टेशन के पास अपनी भूमि पर टैंट लगाकर बैठ गये और उन्होंने अपनी कृषि भूमि पर बगैर स्वीकृति के विभाग द्वारा निशानदेही के पोल लगाने की कार्यवाही को अवैध बताया। किसानों के प्रदर्शन में मनहेरू के सरपंच प्रदीप कुमार, गोरीपुर के सरपंच पुनीत सांगवान, समाजसेवी सतपाल उर्फ लाला, जिला पार्षद सतबीर सांगा, किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व अन्य किसान शामिल रहे। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग यह प्रस्तावित अधिग्रहण बहुत कम कीमत पर कर रहा है। विभाग ने 33 लाख रूपये प्रति एकड़ जमीन का मुआवजा तय किया है, जो बहुत ही कम है। उन्होंने कहा कि आज भी उक्त अधिकृत भूमि का बाजार मूल्य एक करोड़ रूपए प्रति एकड़ है और रेलवे विभाग सस्ते में कलेक्टर रेट पर गणना करके किसानों से जबरदस्ती यह कृषि भूमि लेना चाहता है, जो किसान की जीवन रेखा है। किसानों के बच्चों को आज रोजगार नहीं मिल रहा है और उनकी खेती योग्य भूमि का इस तरह से उनकी अनुमति के बगैर सस्ते में अधिग्रहण कर लिया जाएगा तो वे अपने तथा भविष्य की पीढ़ियों का गुजारा कैसे करेगा। भिवानी से चलकर रेलवे विभाग के अचिकारी किसानों के बीच पहुंचे तो किसानों ने उन्हें स्पष्ट कर दिया कि जब तक उनकी अधिकृत भूमि का न्यायोचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक वे विभाग को जमीन का कब्जा नहीं देंगे। उद्यर मानहेरू के किसानों ने स्थानीय विद्यायक घनश्याम सर्राफ से मिलकर उनकी समस्या से अवगत कराने व इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया है।



भिवानी। गांव मानहेरू के खेतों में नारेबाजी करते हुए।

## खबर संक्षेप



### विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा

**भिवानी।** आज दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी में विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय ने अपनी विशेष थीम (ड्रॉप एवरिंगथिंग एंड रीड) के अंतर्गत एक अनूठी पहल करते हुए सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों को सामूहिक अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पुस्तकों के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में एक निर्धारित समय पर सभी ने अपने-अपने कार्यों को विराम देकर पुस्तक पढ़ने में समय व्यतीत किया। इस सामूहिक पठन गतिविधि ने पूरे वातावरण को ज्ञानमय और प्रेरणादायक बना दिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि पढ़ाई केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए।



### सरकार कच्चे कर्मचारियों का कर रही शोषण

**भिवानी।** भारतीय मजदूर संघ संबंधित कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुरजीत अल्याण ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में सरकार व शिक्षा विभाग के खिलाफ कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कच्चे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक नौकरी सुरक्षा देने की घोषणा पूरी तरह से खोखली साबित हुई है, ये घोषणा केवल कागजों तक सीमित रह गई है और जमीनी स्तर पर कर्मचारियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा।

कंप्यूटर लैब अटेंडेंट जिला सचिव सोमवीर सिंह ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को भरोसे में लेकर पोर्टल लांच किया, जिस पर हजारों कच्चे कर्मचारियों ने उम्मीद के साथ आवेदन किया और हरियाणा सरकार ने आवेदन की अंतिम तिथि भी तीन बार बढ़ाई, जिससे यह साफ होता है कि प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाना चाहिए था। शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की लापरवाही, उदासीनता और ढुलमुल रवैये के कारण कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों के साथ धोखा हुआ है। जिला महिला प्रधान रिंकू जांगड़ा ने कहा कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट स्कूल संबंधित सभी ऑनलाइन कार्य को करते हैं, लेकिन सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है, वहीं दूसरी ओर बेटियां स्कूलों में पढ़ा रही हैं और उन्हें समय पर वेतन भी नहीं दिया जा रहा।

### हलवासिया विद्या विहार में आठवीं के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में सत्र 2025 -26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि रूप में आए हुए अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में एक विशेष उपलब्धि 100 प्रतिशत उपस्थिति के तहत छात्र युवराज कुमार, आरव, जानवी शर्मा, मयंक कुमार को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा आठवीं में कुल 186 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया जिनमें आरव मित्तल , गुंजन, जानवी शर्मा, वर्तिका ,वियान, यशी शर्मा, हर्षित यादव, गहना , जानवी सिंह, नंदिका, परिधि, कोमल, हार्दिक चौहान, ध्रुव , अश्मी शर्मा, दीपांशु परमार, हितेश कौशिक, माही, अदिति, मोक्ष, चक्षिका शर्मा, हर्ष, मानवी, ईशा, समर्थ नैयर, प्रभा, भूमिजा, हर्ष, रिया, नेहा, अनुराग तंवर, दिव्या, दीपिका, आराध्या चौधरी, निखिल, इक्षिका, रिदम, राहिनी, सिया, मोहित शर्मा, भव्या, इच्छा रानी, सूर्यांश, समर विजय, हेमंत सोनी, समिधा, मयंक, हिमांशी राजपूत, करुणा, पीयूष रहे। विद्यालय प्रशासक डॉ शमशेर सिंह अहलावत प्राचार्य विमलेश आर्य एवं उपप्राचार्य दीपक वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम की बधाइयाँ देते हुए कहा कि कहा कि सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि अनुशासन, संस्कार और निरंतर प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

### चंडीगढ़ कलाग्राम इंचार्ज बक्सी ने सूर्यकवि लख्मीचंद आश्रम का किया निरीक्षण



**भिवानी।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के चण्डीगढ़ कलाग्राम इंचार्ज राजेश बक्सी ने भिवानी स्थित सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद आश्रम उमरावत का निरीक्षण किया। बक्सी का आश्रम में पहुंचने पर म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक व सदस्यों ने स्वागत किया और निर्माणाधीन आश्रम के कार्यों पर चर्चा की। कौशिक ने बताया कि भिवानी में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद के नाम से ऐसा भव्य आश्रम बनाया जा रहा है जो पूरे भारत में कहीं पर भी देखने को नहीं मिलेगा। आश्रम में सभी कवियों की ग्रंथावली रखी जाएंगी तथा उनकी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जून माह से कवियों की प्रतिमाएं स्थापित करने का कार्य भी आरंभ हो जाएगा। कलाग्राम चण्डीगढ़ से पधारे राजेश बक्सी ने आश्रम का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बड़े की गर्व की बात है कि सभी कवियों का जीवन परिचय और उनकी रचनाएं एक स्थान पर होना कला प्रेमियों के लिए अनमोल उपहार होगा, जहां से हमें संगीत शिक्षा व संस्कारों की भिन्नि-भिन्नि महक मिलेगी व संगीतज्ञों और कवियों का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। उन्होंने गांव धारेडू स्थित श्याम बाबा मंदिर व श्याम कुंड, जहरगिरी आश्रम, खाकी बाबा मंदिर, जोगीवाला मंदिर, सेठ किरोड़ीमल गौरी शंकर मंदिर समेत अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों का निरीक्षण किया।

### हसला पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपकर उठाई समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



पीजीटी स्कूल प्रवक्ताओं की जनगणना कार्य में तर्कसंगत नियुक्ति व व्याप्त विसंगतियों को दूर करने को लेकर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन हसला की जिला स्तरीय टीम द्वारा जिला प्रधान विद्यानंद श्योराण की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर राजकीय व प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा जा रहा है। हसला पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से नायब तहसीलदार साहिल दलाल को अवगत करवाया जा चुका है। इसी कड़ी में आज एसडीएम बाढ़ड़ा से उनके कार्यालय में पहुंच कर शिष्टाचार भेंट कर ज्ञापन सौंपा व इस विषय में कदम उठवाने के लिए आग्रह किया। ज्ञापन के जरिए जिला प्रधान विद्यानंद श्योराण तथा पवन खंड प्रधान बाढ़ड़ा व अन्य साथियों ने बताया कि पीजीटी विद्यालय प्रवक्ता पद वर्ग बी के तहत आता है अतः इनको प्रगणक की बजाय पर्यवेक्षक के रूप में जनगणना कार्य में जिम्मेवारी दी जाए।

### सेवा शर्तों एवं पेंशन विसंगतियों को लेकर पूर्व सैनिकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश की सीमाओं की रक्षा में अपना जीवन लगाने वाले पूर्व सैनिकों ने अब अपने हक एवं सम्मान के लिए हुंकार भरी है। एक्स सर्विसमेन जनकल्याण सेवा समिति ने सशस्त्र बलों के जवानों व जूनियर कमीशंड अधिकारियों के साथ हो रहे कथित भेदभाव को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समिति ने प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्रालय और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ को ज्ञापन भेजकर दशकों से लंबित विसंगतियों को दूर करने की पुरजोर मांग की है। समिति ने बताया कि आजादी से पहले जेसीओ को ऑफिसर का दर्जा प्राप्त था, जिसे बाद में बदल दिया, इससे न केवल उनके सामाजिक सम्मान पर चोट पहुंची, बल्कि उनके सेवा अधिकारों और रिटायरमेंट लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। समिति ने मांग उठाई कि जेसीओज को पुनः कमीशंड ऑफिसर का दर्जा दिया जाए। समिति के महासचिव सूबेदार मेजर (ऑनरेरी लेफ्टिनेंट) हरिकिशन शर्मा व पूर्व सैनिक महेश चौहान ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ये विडंबना है कि सैनिक 24 घंटे कठिन परिस्थितियों में देशसेवा करता है, उसे वेतन एवं पेंशन के मामले में सिविल कर्मचारियों से पीछे रखा जा रहा है।

### सरपंच व आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ने केंद्र में जांची बच्चों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



ग्रामीण स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने की दिशा में गांव कलिंगा में सराहनीय कदम उठाया। उपायुक्त साहिल गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली और डब्ल्यूसीडीपीओ किरण के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष वजन एवं वृद्धि निगरानी अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को जड़ से खत्म करना और अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वाई पाना के सरपंच रणवीर सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध वजन मशीनों व उपकरणों की कार्यक्षमता को बारीकी से परखा। सरपंच ने सुपरवाइजर सविता के साथ मिलकर ग्रोथ चार्ट व वृद्धि निगरानी की तकनीक पर विस्तार से चर्चा की।

### तिगड़ाना में निकाली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली निकालकर किया जागरूक

**भिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगड़ाना में प्रिंसिपल वंदना महता के मार्ग दर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूकता रैली निकाली । जिसमें विद्यालय के स्टाफ , ए ए एम तिगड़ाना के स्टाफ, आशा वर्करो एवं छात्रों ने भाग लिया । इस अवसर पर प्रिंसिपल वंदना महता महता ने बताया कि गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में घटते बाल लिंगानुपात के प्रति जागरूकता फैलाना, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और बालिकाओं की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह रैली लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई है। इस दौरान बच्चों एवं स्कूल स्टाफ को टी बी के बारे में एवं उसके बचाव और इलाज के बारे में बताया ।

## डिग्री एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि अनुशासन का प्रतीक

- शिक्षा वह शक्ति है जो आपको परिवर्तन लाने की क्षमता भी देती है : प्रो . सुदेश छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि आपके ज्ञान, मेहनत और अनुशासन का प्रतीक है। ये उद्गार आज आदर्श महिला महाविद्यालय के 20वें दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में चै. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं को उपाधियां प्रदान करते हुए कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के रूप में प्रो. दीप्ति धर्माणी के साथ दो अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हुए, जिनमें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल से प्रो. दिनेश कुमार, तथा भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत से प्रो. सुदेश छिकारा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहें। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, महाविद्यालय गीत और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय अपने लक्ष्य के अनुरूप बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा अग्रणी रहेगा। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इसके उपरांत मुख्यातिथि प्रो. दीप्ति धर्माणी ने अपना संबोधन जारी रखते हुए कहा कि आज का दिन छात्राओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। मुझें खुशी है आदर्श महिला महाविद्यालय की बेटियां हर क्षेत्र में न सिर्फ अपने महाविद्यालय का बल्कि हमारे विश्वविद्यालय का भी देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**तैयारी** डीसी साहिल गुप्ता ने डीआरडीए हॉल में शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

# नीट परीक्षा केंद्रों पर पेयजल और बिजली व्यवस्था सुनिश्चित हो: डीसी

#### परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में मिले अनुकूल वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नीट परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

आगामी 3 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी ने सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम के चलते जिला में नीट के परीक्षा केंद्रों पर पेयजल व बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करें। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के अंदर सभी पंखे चालू हालत में होने चाहिए और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जनरेटर का भी प्रबंध करें। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी वीसी के माध्यम से प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए।

डीसी ने मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में परीक्षा को निर्बाध रूप से संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के चलते परीक्षा केंद्र के आसपास या शहर में वाहनों से जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के चलते साइबर सेल की सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों या बच्चों को भ्रामक करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में बायोमेट्रिक मशीनें लगाई जाएंगी। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि बायोमेट्रिक व फ्रिक्सिंग के दौरान भी बच्चों को परेशानी न होने दें।

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री श्री सैनी ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को पूरे देश में आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग व सूचारू रूप से संपन्न होनी चाहिए। एक छोटी सी घटना का पूरे देश में गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं होगी।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, सीटीएम अनिल कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, कॉर्डिनेटर मोहिंद्र सिंह, बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया व डीआईओ अमित लांबा सहित सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षक मौजूद रहे

### मिड डे मील को लेकर डीईईओ को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी भिवानी विनय कुमार जिंदल के साथ जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया। जिला संगठन सचिव कृष्ण मलिक व कार्यालय सचिव शिवधन यादव ने बताया कि बच्चों के दोपहर भोजन का हरियाणा एग्रो के ठेकेदारों के माध्यम से बहुत ही निम्न श्रेणी का राशन सप्लाई किया जा रहा है जिस पर संगठन द्वारा विरोध जताया गया और बताया कि हरियाणा एग्रो किसी प्रकार का उत्पादन नही करती है जबकि हरियाणा सरकार के एक उपक्रम वीटा द्वारा तैयार सामान उच्च कोटी का है इसलिए वीटा द्वारा सप्लाई की जानी चाहिए। इसके बावजूद यदि निम्न श्रेणी की सप्लाई बंद नही की गई तो इसका डटकर विरोध किया जायेगा। इसके साथ-साथ मिड डे मील राशि के अव्यवहारिक वितरण पर भी एतराज जताया गया। राज्य सह सचिव शोभित सांगवान ने बताया कि कार्यालय मे सभी कार्य क्रमानुसार व समयबद्ध करने,सभी प्राथमिक विद्यालययों मे हाउस कीपींग अनुदान प्रतिमाह समय पर जारी करने,सभी प्राथमिक विद्यालयों मे छात्र संख्या अनुसार शिक्षक उपलब्ध करवाने, दोपहर भोजन के लिए राशि समय पर उपलब्ध करवाने, शिक्षकों के स्थायीकरण पर सहमति जताते हुए अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र आदेश पारित कर दिया जाएगें।

